# 8 राजस्थान की वन सम्पदा एवं पर्यावरण

1. 31 दिसम्बर 2021 तक की स्थिति के अनुसार राजस्थान में न्यूनतम वन प्रतिशत वाला जिला है?
(1) नागौर (2) जैसलमेर
(3) चुरू (4) जोधपुर (3)

**व्याख्या–** 31 दिसंबर, 2021 तक की स्थिति के अनुसार राजस्थान में न्यूनतम वन प्रतिशत चुरू जिले में 0.53% है।

2. ISFR रिपोर्ट 2021 के अनुसार 2019 से 2021 के मध्य राजस्थान के कितने जिलों में वनावरण में कमी दर्ज की गई है ?
(1) 11 (2) 14
(3) 16 (4) 18 (2)

3. गोंद उत्पादन हेतु प्रसिद्ध स्थान है –
(1) गोटन (2) चौहटन
(3) खारिया खंगार (4) खमनौर (2)

4. जलवायु की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण वन, जिनमें लकड़ी की कटाई व पशु चारण पर पूर्ण प्रतिबंध होता है, कौन सा वन कहलाता है –
(1) आरक्षित वन (2) रक्षित वन
(3) अवर्गीकृत वन (4) इनमें से कोई नहीं (1)

**व्याख्या–** आरक्षित वनों (Reserved Forest) पर पूर्ण सरकारी नियन्त्रण होता है। राष्ट्रीय उद्यान व अभयारण्यों के वन आरक्षित वनों में आते हैं। इनमें लकड़ी काटना व पशु चराना पूर्णतः प्रतिबन्धित होता है।

5. भारतीय धर्म ग्रन्थों में किस वृक्ष को 'शमी' कहा गया है –
(1) पीपल (2) खेजड़ी
(3) नीम (4) बबुल (2)

6. निम्न में से किस पेड़ के फलों का प्रयोग तेल निकालने व देशी शराब बनाने में किया जाता है –
(1) धोकड़ा (2) महुआ
(3) बबुल (4) रोहिड़ा (2)

7. किस झाड़ी की छाल चमड़ा साफ करने (टेनिंग) में प्रयुक्त होती है–
(1) आँवल (2) खैर
(3) धोकड़ा (4) गूंदा (1)

**व्याख्या–** यह एक प्रकार की झाड़ी है। जिसकी छाल चमड़ा साफ करने के काम आती है। यह जोधपुर, पाली व सिरोही जिलों में सर्वाधिक पायी जाती है।

8. भारत के कुल वन क्षेत्रफल का कितने प्रतिशत राजस्थान में है?
(1) 1.11% (2) 3.10%
(3) 12.15% (4) 13.1% (2)

9. प्रोसोपिस सिनेरेरिया किस वृक्ष का वानस्पतिक नाम है?
(1) रोहिडा (2) खेजड़ी
(3) चिंकारा (4) गोडावन (2)

10. आदिवासियों का कल्पवृक्ष कहा जाता है–
(1) रोहिड़ा (2) बाँस
(3) महुआ (4) सागवान (3)

11. सर्वाधिक आरक्षित वन किस जिले में है–
(1) कोटा (2) उदयपुर
(3) चित्तौड़गढ़ (4) बाँसवाड़ा (2)

**व्याख्या–** आरक्षित वनों पर पूर्ण सरकारी नियंत्रण होता है, इसमें लकड़ी काटने व पशु चराई पर पूर्ण प्रतिबंद होता है। सर्वाधिक आरक्षित वन उदयपुर जिले में है।

12. राज्य वृक्ष खेजड़ी किस वंश का आराध्य वृक्ष है?
(1) चौहान (2) जाट
(3) तोमर (4) चारण (3)

**व्याख्या–** खेजड़ी वृक्ष परमार वंश व तोमर वंश का आराध्य वृक्ष है।

13. 'लुसियुरुस सिंडिकुस' वैज्ञानिक नाम है–
(1) सेवण घास (2) रोहिड़ा
(3) महुआ (4) अशोक (1)

14. प्रशासनिक रूप से वनों के प्रकार है–
(1) आरक्षित वन (2) रक्षित वन
(3) अवर्गीकृत वन (4) उपर्युक्त सभी (4)

**व्याख्या–** वनों को प्रशासनिक दृष्टि से 3 भागों में बांटा जाता है– (1) आरक्षित वन (2) रक्षित वन (3) अवर्गीकृत वन
वन विभाग राजस्थान प्रतिवर्ष अपनी प्रशासनिक प्रतिवेदन रिपोर्ट में इनके आंकड़े जारी करता है।

15. अमृता देवी स्मृति पुरस्कार कब प्रारम्भ किया गया ?
(1) 1994 (2) 1992
(3) 1993 (4) 1996 (1)

**व्याख्या–** यह वानिकी क्षेत्र में दिया जाने वाला राजस्थान का सर्वाधिक प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय पुरस्कार है। इसे 1997 में पहली बार पाली के गंगाराम विश्नोई को दिया गया था।

16. किस घास से खुशबुदार तेल प्राप्त किया जाता है–
(1) बूर (2) सुगनी
(3) धामण (4) सेवण (1)

**व्याख्या–** बूर राजस्थान की सबसे सुगंधित घास है, इससे खुशबुदार तेल प्राप्त किया जाता है। यह मुख्यतः डूँगरगढ़, कोलायत, नोखा, देशनोक (बीकानेर) व सरदारशहर (चुरू) में पायी जाती है।

17. निम्न को सुमेलित कीजिए–
(A) विश्व पर्यावरण दिवस — 1. 22 अप्रैल
(B) ओजोन संरक्षण दिवस — 2. 21 मार्च
(C) पृथ्वी दिवस — 3. 5 जून
(D) विश्व वन दिवस — 4. 16 सितम्बर

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (2) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (3) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (4) | 4 | 3 | 2 | 1 |

(3)

18. राजस्थान में सबसे कम क्षेत्र में फैले वन है–
(1) अवर्गीकृत वन (2) रक्षित वन
(3) आरक्षित वन (4) उपरोक्त सभी (1)

19. ISFR रिपोर्ट 2021 के अनुसार राजस्थान के किन जिलों में न्यूनतम वनावरण क्षेत्र है–
(1) सीकर, चूरू, पाली (2) चुरू, गंगानगर, बाड़मेर
(3) बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर (4) चूरू, हनुमानगढ़, जोधपुर (4)

**व्याख्या–** इस रिपोर्ट के अनुसार चुरू (77.69 वर्गकिमी), हनुमानगढ़ (92.97 वर्गकिमी), जोधपुर (109.25 वर्गकिमी), गंगानगर (115.09 वर्गकिमी) जिले राजस्थान में न्यूनतम वनावरण वाले जिले हैं।

20. 50 सेमी. से कम वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाने वाले वन है–
(1) सदाबहार वन (2) मरुस्थलीय वन
(3) शुष्क सागवान वन (4) पतझड़ी वन (2)

21. मरु वृक्षारोपण कार्यक्रम में केन्द्र व राज्य सरकार की वर्तमान में कितनी कितनी भागीदारी है?
(1) 25:75 (2) 75:25
(3) 74:26 (4) 26:74 (2)

**व्याख्या–** मरु वृक्षारोपण कार्यक्रम 1978 में प्रारंभ किया गया। यह राजस्थान के 10 मरुस्थलीय जिलों में संचालित है। इस कार्यक्रम में केन्द्र व राज्य सरकार की वित्तीय भागीदारी 75:25 है।

22. राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना प्रारम्भ की गई–
(1) अप्रैल 2004 (2) अप्रैल 2003
(3) अप्रैल 2006 (4) जनवरी 2005 (2)

23. राजस्थान का सबसे बड़ा ओरण स्थित है–
(1) देशनोक (बीकानेर) (2) पांचोटा (जालोर)
(3) भूवाणा (उदयपुर) (4) गोविन्दपुरा (जयपुर) (1)

24. 49 वाँ विश्व पर्यावरण दिवस 2022 की थीम क्या है?
(1) वायु प्रदुषण (2) केवल एक पृथ्वी
(3) जंगल और जमीन (4) जल एवं जीवन (2)

25. राजस्थान में सघन वन पाये जाते है–
(1) दक्षिणी पश्चिम क्षेत्र में (2) उत्तरी क्षेत्र में
(3) दक्षिणी पूर्वी क्षेत्र में (4) उत्तरी पूर्वी क्षेत्र में (3)

26. राज्य में कठपूतली बनाने में किस वृक्ष की लकड़ी काम आती है–
(1) खेजड़ी (2) शीशम
(3) नीम (4) आडू (4)

27. जापान की संस्था OECF (Overseas Economic Co-operation Fund) का नाम बदलकर क्या रखा गया है?
(1) FBIC (2) GBIC
(3) JBIC (4) OBIC (3)

**व्याख्या–** OECF संस्था का नाम बदलकर JBIC (Japan Bank For International Cooperation) कर दिया गया है। यह संस्था राजस्थान में कई वानिकी परियोजनाओं में आर्थिक सहायता उपलब्ध करवा रही है।

28. सामाजिक वानिकी कार्यक्रम कब प्रारम्भ हुआ था–
(1) 1974-75 (2) 1985-86
(3) 1991-92 (4) 2002-03 (2)

**व्याख्या–** सामाजिक वानिकी कार्यक्रम 7वीं पंचवर्षीय योजना में 1985-86 में पूर्वी राजस्थान के 15 जिलों में प्रारम्भ की गई थी। 1994-95 के बाद यह 19 जिलों में संचालित है। यह योजना 1990 तक अमेरिका के सहयोग से तथा 1993 तक विश्व बैंक के सहयोग से संचालित थी।

29. जांटी किस वृक्ष को कहा जाता है–
(1) रोहिड़ा (2) कैर
(3) पीपल (4) खेजड़ी (4)

30. वनों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाली राजस्थान की प्रथम महिला कौन थी?
(1) अमृता देवी (2) गवरी देवी
(3) सहजोबाई (4) गुलाबो देवी (1)

**व्याख्या–** अमृता देवी ने अपने पति रामोजी विश्नोई व दो पुत्रियों सहित कुल 363 लोगों ने खेजड़ली गाँव में खेजड़ी के वृक्षों को बचाने के लिए उन पेड़ों से चिपक कर अपना बलिदान दिया था। इस घटना से पहले 1604 ई. में जोधपुर के रामासनी गाँव में करमा व गौरा नाम की दो विश्नोई महिलाओं ने भी खेजड़ी पेड़ों की रक्षार्थ अपना बलिदान दिया था।

31. राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में किस प्रकार की वनस्पति पायी जाती है?
(1) लवणोद्भिद (2) जलोद्भिद्
(3) मरुद्भिद (4) समोद्भिद (3)

32. राजस्थान में बीड़ी किस वृक्ष के पत्ते से बनाई जाती है?
(1) धोंकड़ा (2) सागवान
(3) सालर (4) तेंदू (4)

**व्याख्या–** तेंदू पत्ते का 1973 में राष्ट्रीयकरण कर दिया गया, इसके बाद तेंदू पत्ते की खरीद व व्यापार केवल राज्य सरकार ही कर सकती है।

33. राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के वर्तमान अध्यक्ष है–
(1) स्वतंत्र कुमार (2) लोकेश्वर सिंह पंत
(3) आदर्श कुमार गोयल (4) वी.पी. सिंह (3)

34. राजस्थान में जयपुर, जोधपुर व उदयपुर की वायु गुणवत्ता की जानकारी प्रदर्शित करने के लिए 5 जून 2016 को जारी किए गए एप का नाम है–
(1) राजवायु (2) वायुराज
(3) प्योर एयर (4) शुद्ध हवा (1)

**व्याख्या–** राज्य मण्डल द्वारा 'राजवायु' नामक मोबाइल ऐप 5 जून, 2016 को लांच किया है, जिसमें जयपुर, जोधपुर व उदयपुर की वायु गुणवता की जानकारी प्रदर्शित की जाती है।

35. राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना के द्वितीय चरण 2011 से 2021 के लिए कहाँ से ऋण लिया गया है?
(1) OPEC (2) World Bank
(3) IMF (4) JICA (4)

36. विश्व ओजोन दिवस कब मनाया जाता है–
(1) 5 जून (2) 22 मई
(3) 16 सितम्बर को (4) 1 अक्टूबर (3)

**व्याख्या–** विश्व ओजोन दिवस 2022 थीम– 'पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करने वाला वैश्विक सहयोग' (Global Cooperation Protecting life on Earth) रखी गई है।

37. वन विभाग राजस्थान की वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट 2021-22 के अनुसार राजस्थान में सुरक्षित वन क्षेत्र का प्रतिशत है–
(1) 37.05 प्रतिशत (2) 52.11 प्रतिशत
(3) 6.52 प्रतिशत (4) 56.49 प्रतिशत (4)

38. 'फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इण्डिया द्वारा जारी स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2021' के अनुसार राजस्थान का कुल वनावरण व वृक्षावरण क्षेत्र है–
(1) 32864.62 वर्ग किमी. (2) 25387.96 वर्ग किमी.
(3) 28342 वर्ग किमी. (4) 29756 वर्ग किमी. (2)

**व्याख्या–** यह 17 वीं ISFR रिपोर्ट है। इसे 13 जनवरी 2022 को भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री **भुपेन्द्र यादव** ने जारी किया था। देश में वनों की स्थिति के बारे में रिपोर्ट तैयार करने का चलन 1987 से प्रारंभ हुआ था।

39. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म का चुनाव कीजिए–
वनोत्पाद – पेड़
(1) इमारती लकड़ी – सागवान
(2) कोयला – धोकड़ा
(3) कत्था – खैर
(4) बीड़ी – महुआ (4)

**व्याख्या–** तेंदु के वृक्षों से प्राप्त पत्तों से बीड़ी बनाने का कार्य किया जाता है।

40. भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट 2021 के अनुसार वर्ष 2019 की तुलना में राजस्थान के वृक्षावरण में कितने वर्गकिमी. की वृद्धि दर्ज की गई है।
(1) 722 वर्ग किमी. (2) 621 वर्ग किमी.
(3) 634 वर्ग किमी. (4) 764 वर्ग किमी. (2)

41. राजस्थान में प्रथम वन एवं पर्यावरण नीति की घोषणा कब की गई–
(1) 18 फरवरी 2009 (2) 18 फरवरी 2011
(3) 18 फरवरी 2013 (4) 18 फरवरी 2010 (4)

42. निम्न में से कौनसा एक सही नहीं है–
(1) लाखोटिया उद्यान–पाली
(2) गंगा निवास पब्लिक पार्क–बीकानेर
(3) नीमड़ी पार्क–जयपुर
(4) सोहिनी उद्यान–भीनमाल (3)

**व्याख्या–** नीमड़ी माता पार्क बाड़मेर में है।

43. राजस्थान का सबसे बड़ा स्मृति वन कहाँ स्थापित किया गया है–
(1) सीकर (2) जयपुर
(3) झालरापाटन (4) सोजत (1)

44. वन अधिनियम बनाने वाली राजस्थान की प्रथम रियासत थी–
(1) कोटा (2) जोधपुर
(3) मेवाड़ (4) अलवर (4)

**व्याख्या–** अलवर रियासत में 1935 में वन अधिनियम बनाया गया था।

45. राजस्थान में सर्वाधिक तेंदू पत्ता उत्पादन वाला जिला है–
(1) टोंक (2) बाँसवाड़ा
(3) अलवर (4) सिरोही (2)

46. राजस्थान में चन्द्र ग्रहण व सूर्य ग्रहण के समय सूतक से बचने के लिए काम में ली जाने वाली घास है–
(1) डाब (2) खस
(3) सूगनी (4) सेवण (1)

47. राजस्थान में वन मण्डलों की संख्या है–
(1) 9 (2) 24
(3) 18 (4) 29 (4)

48. महुआ के पेड़ किन जिलों में पाये जाते हैं–
(1) सिरोही, राजसमंद, पाली
(2) जयपुर, अलवर, अजमेर
(3) भरतपुर, करौली, धौलपुर
(4) डूंगरपुर, बाँसवाड़ा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ (4)

49. 'खेजड़ी का पेड़' संबधित है?
(1) करणी माता (2) गोगाजी
(3) मावजी (4) तेजाजी (2)

**व्याख्या–** लोकदेवता गोगाजी के अलावा केसरिया कुंवर व झुंझार जी का थान भी खेजड़ी वृक्ष के नीचे होता है। राजस्थान में एक कहावत प्रचलित है– 'गाँव–गाँव खेजड़ी, गाँव–गाँव गोगा'

50. शुष्क वन अनुसंधान संस्थान की स्थापना कब की गई –
(1) 1975 (2) 1965 (3) 1987 (4) 1995 (3)

**व्याख्या–** इसकी स्थापना भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद द्वारा 30 जून, 1987 में जोधपुर में की गई। 1988 में इसका नाम 'आफरी' रखा गया। इसका मुख्य कार्य राजस्थान, गुजरात, दादर नगर हवेली तथा दमन दीव (केंद्र शासित प्रदेश) में शुष्क व अर्द्धशुष्क क्षेत्रों में वानिकी संबंधी अनुसंधान करना है।

51. विश्व पर्यावरण दिवस 2022 की थीम है–
(1) केवल एक पृथ्वी
(2) पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली
(3) प्लास्टिक प्रदूषण को परास्त करना
(4) पृथ्वी को फिर से अच्छी अवस्था में बहाल करना (1)

**व्याख्या–** 5 जून, 2022 को 48वाँ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस साल मेजबान देश के तौर पर 'स्वीडन' को चुना गया है।

52. नवीनतम राजस्थान वन (संशोधन) अधिनियम 2014 को कब से लागू किया गया–
(1) 6 सितम्बर 2014 (2) 4 मार्च 2014
(3) 5 जून 2014 (4) 22 मई 2014 (2)

53. राजस्थान में मुख्यत: बाँस उत्पादन वाले जिले हैं–
(1) अजमेर, टोंक, सवाईमाधोपुर
(2) प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, बूंदी
(3) बारां, झालावाड़, करौली
(4) बाँसवाड़ा,उदयपुर, चित्तौड़गढ़ (4)

54. माउंट आबू पर्वतीय क्षेत्र में 1000–1300 मीटर की ऊँचाई एवं 150 सेंटीमीटर वर्षा वाले भागों में किस प्रकार के वन पाये जाते हैं–
(1) अर्द्ध–उष्ण सदाबहार वन (2) पतझड़ वन
(3) शुष्क सागवान वन (4) मानसूनी पतझड़ वन (1)

55. 2021 में जारी हुई भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट (IFSR) क्रम के अनुसार कौनसी रिपोर्ट थी–
(1) 14वीं रिपोर्ट (2)12 वीं रिपोर्ट
(3) 17वीं रिपोर्ट (4) 18वीं रिपोर्ट (3)

**व्याख्या–** यह रिपोर्ट भारतीय वन अनुसंधान संस्थान देहरादून द्वारा 13 जनवरी, 2022 को जारी की गई। यह रिपोर्ट प्रति 2 वर्ष बाद जारी की जाती है।

56. इंडियन स्टेट ऑफ फोरेस्ट रिपोर्ट 2021 के अनुसार 'आरक्षित वन' श्रेणी के अन्तर्गत राजस्थान के कुल वन क्षेत्र का प्रतिशत अंश है–
(1) 55.64 प्रतिशत (2) 37.05 प्रतिशत
(3) 22.65 प्रतिशत (4) 58.64 प्रतिशत (2)

57. शुष्क सागवान वन राजस्थान के निम्नलिखित में से किन जिले में पाए जाते हैं–
(1) बाँसवाड़ा, डूँगरपुर,कोटा, बारां
(2) धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक
(3) जयपुर, अलवर, भरतपुर, दौसा
(4) पाली, सिरोही, नागौर, जालौर (1)

58. सन् 1730 में राजस्थान के जोधपुर जिले में खेजड़ली आन्दोलन किसके लिए हुआ था–
(1) भूमि संरक्षण के लिए
(2) वन्य जीव संरक्षण के लिए
(3) वन संरक्षण के लिए
(4) जागीरदारी प्रथा उन्मूलन के लिए (3)

**व्याख्या–** जोधपुर के खेजड़ली में 363 लोगों के बलिदान की यह घटना 28 अगस्त 1730 ई. को मारवाड़ शासक अभयसिंह के शासनकाल में हुई थी। इस घटना के वक्त मारवाड़ के हाकिम गिरधरदास भंडारी थे।

59. राजस्थान के कुल वन क्षेत्र के कितने प्रतिशत भाग पर शुष्क सागवान वन पाए जाते हैं–
(1) 18.50 प्रतिशत (2) 6.86 प्रतिशत
(3) 15.33 प्रतिशत (4) 38.11 प्रतिशत (2)

60. राजस्थान में 'सेवण' शब्द का संबंध किससे है–
(1) झाड़ी (2) घास
(3) तिलहन फसल (4) इमारती लकड़ी (2)

61. राजस्थान वन विभाग की प्रशासनिक प्रतिवेदन रिपोर्ट 2021–22 के अनुसार राजस्थान में प्रति व्यक्ति वन औसत है–
(1) 0.47 हैक्टेयर (2) 4.7 हैक्टेयर
(3) 0.037 हैक्टेयर (4) 0.77 हैक्टेयर (3)

62. राजस्थान वन विभाग की प्रशासनिक प्रतिवेदन रिपोर्ट 2021–22 ( 31 दिसम्बर, 2021 तक की स्थिति) के आधार पर राजस्थान के वनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–
1. राजस्थान के कुल वन क्षेत्र में आरक्षित एवं सुरक्षित वनों का क्षेत्र क्रमशः 56.43 प्रतिशत व 37.05 प्रतिशत है।
2. राज्य में सबसे अधिक आरक्षित वन उदयपुर व चित्तौड़गढ़ जिलों में पाए जाते हैं।
3. राज्य में सबसे अधिक संरक्षित वन बारां व करौली जिलों में पाए जाते हैं।
4. राज्य में सबसे अधिक अवर्गीकृत वन बीकानेर व गंगानगर जिलों में पाए जाते हैं।
(1) विकल्प 1,2, 3 सही हैं।
(2) सभी विकल्प सही हैं।
(3) विकल्प 1,2 तथा 4 सही हैं।
(4) विकल्प : 2,3 तथा 4 सही हैं। (4)

63. निम्लिखित में से कौनसा 'राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना' का उद्देश्य नहीं है–
(1) बाढ़ नियंत्रण (2) जल संरक्षण
(3) वृक्षारोपण (4) जैव विविधता संरक्षण (1)

64. खेजड़ी के फूल कहलाते हैं–
(1) मींझर (2) खोखा (3) सांगरी (4) लूंग (1)

65. रोहिड़ा को राजस्थान का राज्य पुष्प कब घोषित किया गया है–
(1) 1 अक्टुबर 1986 (2) 1 नवम्बर 1993
(3) 1 अप्रैल 1981 (4) 31 अक्टुबर 1983 (4)

66. खस घास निष्कर्षण का उपयोग किस उद्योग के लिए किया जाता है–
(1) गलीचा निर्माण (2) इत्र उत्पादन
(3) खाद्य तेल उद्योग (4) रंगाई छपाई उद्योग (2)

67. राजस्थान का कौनसा हिस्सा बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र से रहित है–
(1) पश्चिमी (2) पूर्वी
(3) दक्षिणी पूर्वी (4) दक्षिणी (1)

68. खेजड़ी वृक्ष का हरा फल क्या कहलाता है–
(1) कूमट (2) मींझर
(3) सांगरी (4) टांटिया (3)

69. राजस्थान वन विभाग की प्रशासनिक प्रतिवेदन रिपोर्ट 2021–22 के अनुसार राजस्थान में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के कितने प्रतिशत भाग पर वनावरण व वृक्षावरण है–
(1) 4.21 प्रतिशत (2) 5.62 प्रतिशत
(3) 7.42 प्रतिशत (4) 9.91 प्रतिशत (3)

70. राजस्थान वन विभाग की प्रशासनिक प्रतिवेदन रिपोर्ट 2021–22 के अनुसार (31 दिसम्बर 2021 तक की स्थिति) राजस्थान में कौनसे दो जिले न्यूनतम वन प्रतिशत रखते हैं–
(1) चुरू व हनुमानगढ़ (2) जोधपुर व नागौर
(3) हनुमानगढ़ व नागौर (4) चुरू व जोधपुर (4)

**व्याख्या–** 31 दिसंबर, 2021 तक की स्थिति के अनुसार राजस्थान में न्यूनतम वन प्रतिशत चुरू (0.53%) व जोधपुर (1.07%) रखते है।

71. ढाक/पलाश का वानस्पतिक नाम है–
(1) ब्यूटिया मोनोस्पर्मा (2) अकेशिया कटेचु
(3) डिकिल्पटेरा साल्वडेरा (4) एकेशिया सेनेगल (1)

72. राजस्थान सरकार द्वारा राजीव गाँधी पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार कब प्रारम्भ किया गया–
(1) 2010 (2) 2012
(3) 2014 (4) 2016 (2)

**व्याख्या–** राजस्थान सरकार द्वारा यह पुरस्कार प्रति वर्ष 5 जून को दिया जाता है। यह पुरस्कार पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए तीन श्रेणियों में दिया जाता है। 1. नागरिक (पुरस्कार राशि– 5 लाख) 2. संगठन (पुरस्कार राशि– 3 लाख) 3. नगरपालिका (पुरस्कार राशि– 2 लाख)

73. ''सिर सांटे रूख रहे, तो भी सस्तो जाण,
लीला रूंख नी धावणों, अनि धावै दो प्राण।''
वृक्ष संरक्षण का यह संदेश राजस्थान के किस लोक संत ने दिया है–
(1) माव जी (2) जसनाथ जी
(3) लालदास जी (4) जाम्भोजी (4)

74. इन्दिरा गाँधी नहर क्षेत्र वृक्षारोपण व चारागाह विकास परियोजना किसकी आर्थिक सहायता से संचालित की गई थी–
(1) जापान    (2) कनाडा
(3) अमेरिका    (4) जर्मनी    (1)

75. राजस्थान सरकार द्वारा वन धन योजना कब से प्रारम्भ की गई है–
(1) 17 अगस्त 2016    (2) 17 अगस्त 2015
(3) 17 अगस्त 2017    (4) 17 अगस्त 2014    (2)

**व्याख्या–** वन क्षेत्र के निकट रहने वाले लोगों के विकास, उनकी वनों पर निर्भरता कम करने, उन्हे रोजगार उपलब्ध कराने तथा वन्यजीव व वनों की सुरक्षा के लिए यह योजना प्रारम्भ की गई है।

76. बजट घोषणा 2020–21 के अनुसार राजस्थान राज्य वन विकास निगम लिमिटेड की स्थापना कब की गई–
(1) 15 सितम्बर 2020    (2) 1 जुलाई 2020
(3) 1 नवम्बर 2020    (4) 16 दिसम्बर 2020    (4)

**व्याख्या–** राजस्थान में इमारती लकड़ी, बाँस व अन्य लघु वन उपजों के दोहन व मूल्य संवर्धन कर सुनियोजित तरीके से वनों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए इस संस्था की स्थापना की गई है।

77. बजट घोषणा 2020–21 में पद्म श्री कैलाश सांखला स्मृति वन कहाँ पर स्थापित करने की घोषणा की गई है–
(1) पाली    (2) भरतपुर
(3) अजमेर    (4) जोधपुर    (4)

78. नौलक्खा किला स्मृति वन स्थित है–
(1) जहाजपुर (भीलवाड़ा)    (2) झालरापाट्न (झालावाड़)
(3) नीमकाथाना (सीकर)    (4) भीनमाल (जालौर)    (2)

79. राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) के प्रथम अध्यक्ष थे–
(1) स्वतंत्र कुमार    (2) आदर्श कुमार गोयल
(3) लोकेश्वर सिंह पंत    (4) प्रकाश टांटिया    (3)

80. डूंची–प्याजी है–
(1) खरपतवार    (2) बाँस की किस्म
(3) गोभी की किस्म    (4) बबुल की प्रजाति    (1)

81. वानिकी विकास परियोजना कब प्रारम्भ की गई–
(1) 1991–92    (2) 1995–96
(3) 1993–94    (4) 1998–99    (2)

**व्याख्या–** वानिकी विकास परियोजना– 1995–96 से प्रारंभ होकर 2000 तक संचालित थी। यह योजना राजस्थान में अरावली से पूर्व के 15 गैर मरुस्थलीय जिलों में J.B.I.C जापान के आर्थिक सहयोग से संचालित थी। इस योजना का उद्देश्य मरुस्थल का प्रसार रोकना व जैव विविधता का विकास करना है।

82. राजस्थान में 1 जुलाई 2022 को .......... वन महोत्सव मनाया गया–
(1) 52 वां    (2) 25 वां
(3) 73 वां    (4) 32 वां    (3)

**व्याख्या–** 1 जुलाई 2022 को 73वाँ वन महोत्सव मनाया गया, इस बार के वन महोत्सव की थीम 'घर घर औषधि' रखी गयी थी।

83. राजस्थान सरकार की घर–घर औषधी योजना कब से प्रारम्भ हुई है–
(1) 1 अगस्त 2021    (2) 5 सितम्बर 2021
(3) 5 जून 2021    (4) 5 अक्टूबर 2021    (1)

**व्याख्या–** घर–घर औषधी योजना– राजस्थान औषधीय पौधो की विविधता व गुणवता को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा इसे 1 अगस्त, 2021 से प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत् तुलसी, गिलोय, कालमेघ व अश्वगंधा के प्रत्येक के दो–दो कुल आठ पौधो की एक किट प्रत्येक परिवार को निःशुल्क दी जा रही है।

84. 1976 में राज्य सरकार द्वारा वन नीति बनाने के लिए गठित की गई कमेटी थी–
(1) भनोत कमेटी    (2) वी.पी.सिंह कमेटी
(3) निर्मलजीत सिंह कमेटी    (4) आर.एन.मल्होत्रा कमेटी    (1)

85. विश्व वानिकी दिवस 2022 की थीम क्या है?
(1) वन और सतत् उत्पादन और खपत
(2) जैव विविधता और भविष्य
(3) वन और जैव विविधता
(4) पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली    (1)

**व्याख्या–** विश्व वानिकी दिवस 21 मार्च को मनाया जाता है।

86. भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

| सूची–I (घनत्त्व के आधार पर वनों का प्रकार) | सूची–II (प्रतिशत) |
|---|---|
| A. अत्यधिक सघन वन | 1. 1.41% |
| B. मध्यम सघन वन | 2. 3.57% |
| C. खुले वन | 3. 1.28% |
| D. कुल झाड़ी क्षेत्र | 4. 0.02 % |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (2) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (3) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (4) | 4 | 3 | 2 | 1 |

(4)

87. भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार वर्ष 2019 से 2021 के मध्य राजस्थान के निम्न में से किस जिले में वनावरण में कमी नहीं हुई है–
(1) अजमेर    (2) करौली
(3) जालौर    (4) सिरोही    (1)

**व्याख्या–** भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार वर्ष 2019 से 2021 के मध्य अजमेर में वनावरण में सर्वाधिक वृद्धि हुई है।

88. निम्न में कौनसे वन राजस्थान में अरावली पर्वतमाला की ढ़ालों में पाये जाते हैं?
(1) शुष्क मरूस्थलीय कांटेदार वन
(2) मानसूनी पतझड़ वन
(3) उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन
(4) शुष्क सागवान वन    (3)

**व्याख्या–** इन वनों में धौंक वृक्ष की अधिकता होने के कारण इन्हे 'धौंकड़ा वन' भी कहा जाता है। ये वन राजस्थान के दक्षिणी व दक्षिणी पूर्वी भाग में अरावली पर्वतमाला की ढ़ालों में पाये जाते हैं। धौंकड़ा की लकड़ी जलाने के काम आती है, तथा इससे कृषिगत औजार बनते हैं।

89. निम्न में से कौनसे वन मानसूनी वन या चौड़ी पत्ती वन कहलाते हैं–
(1) शुष्क मरूस्थलीय कांटेदार वन
(2) मानसूनी पतझड़ वन
(3) उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन
(4) शुष्क सागवान वन (4)


**व्याख्या–** शुष्क सागवान वन– इन्हें मानसूनी वन/चौड़ी पत्ती वन भी कहा जाता है। इन वनों में सागवान वृक्ष की अधिकता होती है। यह राजस्थान के दक्षिणी भाग में पाये जाते है।


90. वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले जिलों का सही घटता हुआ क्रम है।
(1) प्रतापगढ़–अलवर–उदयपुर–बारां
(2) चुरू–हनुमानगढ़–नागौर–जोधपुर
(3) चुरू–जोधपुर–नागौर–जैसलमेर
(4) उदयपुर–बारां–करौली–चित्तौड़गढ़ (4)

**व्याख्या–** राजस्थान में सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले जिले– उदयपुर (4161.92 वर्ग किमी.), बारां (2253.42 वर्ग किमी.), करौली (1810.73 वर्ग किमी.), चित्तौड़गढ़ (1788.61 वर्ग किमी.)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा- 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें-




**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**